Seventeenth Loksabha

>

Title: Issue regarding fee hike in Jawaharlal Nehru University (JNU).

**प्रो. सौगत राय (दमदम):** अध्यक्ष जी, आप हाउस में लोकतांत्रिक ढांचे के तहत सभी दलों के सदस्यों को बोलने का मौका देते हैं, इसके लिए आपका बहुत-बहुत धन्यवाद ।

महोदय, मैं बहुत संक्षेप में बोलूंगा । हम जानते हैं कि जवाहर लाल नेहरू यूनिवर्सिटी, दिल्ली देश के अच्छे विश्वविद्यालयों में से एक है । सारे हिंदुस्तान से अच्छे-अच्छे विद्यार्थी, जो गरीब घर के होते हैं, वे यहां पढ़ने के लिए आते हैं , लेकिन जेएनयू ऑथोरिटीज ने वहां की हॉस्टल फीस बढ़ा दी है । इसके खिलाफ वहां के विद्यार्थी …(व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** प्रोफेसर साहब, यह भी जनता को बताओ कि कितनी फीस लगती थी और कितनी बढ़ाई है?

…(व्यवधान)

**प्रो. सौगत राय:** पहले दस रुपये थी । अब 300 रुपये हो गयी है । हॉस्टल फीस भी बढ़ गई है । …(व्यवधान) हमारे देश में उच्च शिक्षा की नीति है कि उच्च शिक्षा सरकारी खर्चे से होगी क्योंकि हम चाहते हैं कि आने वाले दिनों में विद्यार्थी आगे बढ़ें । लेकिन इसके पहले उन लोगों ने एक बार हमारे एचआरडी मिनिस्टर के खिलाफ यूनिवर्सिटी के पास प्रदर्शन किया था । …(व्यवधान) कल जब ये विद्यार्थी जिनमें पुरुष और महिलाएं थीं, उन्होंने एक जुलूस निकाला, उस पर पुलिस ने लाठीचार्ज किया । उसमें बहुत लोग घायल हुए । मैं इसकी निन्दा करता हूं ।…(व्यवधान) यह दुखद घटना है कि हमारी सरकार …(व्यवधान)